प्रवेशार्थी निर्देशिका

PROSPECTUS

2021–2022

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड (भारत)

Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University

(A Central University)

Srinagar Garhwal, Uttarakhand (India)

HEMVATI NANDAN BAHUGUNA

1919-1989

Hemvati Nandan Bahuguna was born on 25 April, 1919. He received his early education from Garhwal region and later on shaped his academic and political career from Allahabad University. He served as the ninth Chief Minister of undivided Uttar Pradesh from 1973 to 1975. He also held important ministerial positions in the Government of India.

he had voiced his concerns over the neglect of education in the remote hilly areas. Along with the people of this region, he struggled for fulfilling the academic and educational requirements which culminated in the establishment of Garhwal University in 1973, at Srinagar, a central town of the Garhwal Himalayas.

As a mark of respect and tribute to the 'son of the soil', in 1989, Garhwal University was renamed as Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University.

प्रवेशार्थी–निर्देशिका

(2021–22)

(विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों के लिए)

(प्रवेश-नियम, उपस्थिति तथा शैक्षणिक कलैण्डर
सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों में प्रभावी होगा)

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखण्ड (भारत)

विश्वविद्यालय परिचय

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय की स्थापना एक राज्य विश्वविद्यालय के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की अधिसूचना सं.(10)/(865)/15/(75)/(85)/84 दिनांक 23 नवंबर 1973 से हुई। इस विश्वविद्यालय का जन्म बीसवीं सदी में 70 के दशक में एक प्रभावी लोकप्रिय आन्दोलन से हुआ। यह आन्दोलन गढ़वाल के जनमानस की उच्च शिक्षा के जरिए विकास संबंधी आशाओं और आकांक्षाओं का प्रतीक था। इस दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्र के लोगों ने एक छोटे लेकिन ऐतिहासिक, अर्धग्रामीण कस्बे श्रीनगर में विश्वविद्यालय खोलने के लिए आंदोलन किया। यह आंदोलन उनकी भावी पीढ़ियों को स्थानिक, आर्थिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन और भौगोलिक एवं पर्यावरणीय रुकावटों पर पार पाने तथा अपनी सांस्कृतिक पहचान के पुर्नसमर्थन और स्थानीय प्राकृतिक और मानव संसाधनों के जरिए विकास को हासिल करने में सशक्तिकरण की दिशा में एक एतिहासिक कदम था।

कालांतर में इस विश्वविद्यालय को संसद द्वारा पारित केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम–2009 के तहत केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया। इसके साथ ही विश्वविद्यालय पर यह नई जिम्मेदारी आ गई कि वह अपने छात्रों, प्राध्यापक वर्ग और अन्य समी पणधारियों (स्टेकहोल्र्डस) का शैक्षणिक उत्कृष्टता पाने के लिए मार्गदर्शन करे और छात्रों के चंहुमुखी विकास की दिशा में प्रयत्न करे। अपनी स्थापना की शुरूआत से ही विश्वविद्यालय ने क्षेत्रीय और सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है। यह प्रतिबद्धता उसके अध्ययन पाठ्यक्रमों, शोध एजेंडों और सम्पर्क एवं विस्तारण प्रयासों में निहित रही है। इसकी उत्पत्ति की परिस्थितियों से प्राप्त क्रियात्मकता आज भी भविष्य के प्रति इसके दृष्टिकोण को प्रेरित और प्रचारित करती है।

उत्तराखंड के गढ़वाल क्षेत्र में हिमालय पर्वत श्रृंखला की गोद में बसा यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षा का एक आवासीय और सम्बद्ध संस्थान है। गढ़वाल के विभिन्न जिले इसकी अधिकारिता में है। विश्वविद्यालय के तीन परिसर है जो एक–दूसरे से काफी दूर स्थित है। बिड़ला परिसर श्रीनगर (गढ़वाल) में है जिसका विस्तार चौरास परिसर तक है। बी. गोपाल रेड्डी (बीजीआर) परिसर पौड़ी में है जबकि स्वामी रामतीर्थ (एसआरटी) परिसर बादशाही थौल, टिहरी में है। इसके अतिरिक्त कई कॉलेज और संस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्ध है और गढ़वाल के विभिन्न जिलों में फैले हुए है। विश्वविद्यालय के परिसरों में विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध कार्यक्रम चल रहे हैं। सामान्य परम्परागत पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त विभिन्न अध्ययन विद्याओं में विश्वविद्यालय ने कुछ क्षेत्रीय उपयोगिता वाले पाठ्यक्रम भी लागू किए है जो कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण है।

स्व0 स्वामी मनमथन :
सामाजिक योद्धा एवं विश्वविद्यालय आन्दोलन के प्रणेता

स्वामी मनमथन प्रेक्षागृह
Swami Manmathan Auditorium

प्रो0 अन्नपूर्णा नौटियाल
कुलपति
Prof. Annpurna Nautiyal
Vice-Chancellor

Message

Since its establishment in 1973, the HNB Garhwal University has been committed towards a mission to impart education that transforms students into rational thinkers, competent professionals, law-abiding citizens, and enlightened individuals. In the last more than four and half decades of its existence, the University has made large strides in this direction and,also,worked towards making education more inclusive and accessible for students not only in Uttarakhand but also from other parts of the country. The University is uniquely placed to be able to significantly impact the overall human capital building as it is the only Central University located in the remote mountainous region of Garhwal Himalayas in Uttarakhand.

The last two academic years have been hugely impacted by the pandemic caused by COVID-19 and have posed unprecedented challenges for all academic institutions the world over. However, the University has risen to the challenge and successfully implemented the academic sessions, notably, with minimal disruption to the teaching and functioning of the University. The University has been quick and efficient in adopting technological measures to facilitate teaching and learning as well as other academic and research activities.Also, the University faculty has been encouraged to get creative with their pedagogical approaches to address to the psychological well-being of the students in these challenging times. HNBGU is striving to turn the pandemic situation into an opportunity and adopt more efficient technological interventions across the board that will help sustain a better quality of education but also make students experiences at the university more enjoyable.

The University provides versatile opportunities to the students through its vast set of academic programs. The University will continue to develop these further with specific focus on promoting quality education, research, collaborations, and partnerships with other premier educational institutions and organizations. In the past, the University has taken several initiatives to improve career development opportunities for the students like establishment of a Yogic Science Department, Faculty Development Centre under the Pt. Madan Mohan Malviya Mission for Teacher's Training and the Language Lab. With further strengthening of digitization, the University will provide strong foundations for the students to become prepared for the career paths suitable for the digital age. Through its outreach programs, the University intends to provide firsthand opportunities for the students to connect and contribute to the development of the communities. The HNB Garhwal University takes pride in its contribution to the preservation of the local culture and thus allowing a holistic development of the students.

I welcome you to explore the opportunities provided by the University and benefit from its environment for learning and understanding science, industry, commerce, social sciences, literature and regional issues and processes to protect the cultural traditions of this area. I am sure that you will have a wonderful learning experience and every success in your pursuit of knowledge and excellence!

My Best Wishes!

Prof. Annpurna Nautiyal

प्रो0 पी०एस० राणा
अधिष्ठाता छात्र कल्याण
Prof. P.S. Rana
Dean Student's Welfare

Message

As the academic session 2021-2022 begins, it brings along with it both opportunities and challenges. This upcoming academic session comes at a time when the whole world is reeling under an unprecedented health emergency, in the form of COVID-19. This has brought in a phenomenal change in the way we look and live in this world. However every crisis is an opportunity to learn things that we never tried before. The University had adapted to this change despite tough geographical terrain and issues of network connectivity. Both the students and teachers played an important role in completing a portion of the courses in the previous session through online mode, using various digital platforms. In the time to come, efforts would be made to reach out all the students and ensure that no student is left out from the teaching and learning exercise. This in turn needs the support of all the stakeholders involved in this process. As aspiring students step into the campus in pursuit of their dreams to fly high, it is pertinent to understand the ground realities at hand. First and foremost it is important to understand and acknowledge the importance of personal hygiene and also maintaining high level of discipline in the campus in order to protect self and others from the possible infection of COVID-19. Secondly, as the teaching and learning has taken a new shape, there could be perhaps a larger emphasis on usage and application of digital platforms to support the teaching activities in campuses. Students are thus advised to equip and update themselves with the usage of digital technology, with the support of teachers. I would like to reiterate the fact that the present situation would bring out the best from us and it would help us become tougher and stronger. “As the going gets tougher, the tough get going” goes a saying. Thus there is a need to hone our skills sets, in addition to the regular teaching and get prepared to face the new challenges that are in waiting. I wish you all the best for the new academic session and hope that you would emerge with flying colors.

Prof. P.S. Rana

CONTENTS

1.	Academic Calendar (2021-22)	29
2.	Fee Structure for all Courses	30
3.	Programme offered by the University at a Glance	34
4.	Courses Offered at UG Level as per CBCS	41
5.	Guidelines for Admission	48
6.	Admission Criteria for Academic Session 2021-22	50
7.	Restrictions Regarding Selection of Subjects	59
8.	Subjects Combinations Permitted at U.G. Level in Schools of Sciences, Earth Sciences and Life Sciences	59
9.	Attendance Rules	60
10.	Students' Welfare	61
11.	Personality Development and Co-Curricular Activities	63
12.	Facilities, Services and Special Assistance	64
13.	Maintenance of Discipline and Code of Conduct	66

शैक्षणिक कलैण्डर सत्र 2021–22

(प्रवेश समिति की बैठक दिनांक 23.07.2021 द्वारा अनुमोदित)

1. प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीकरण प्रारम्भ की तिथि — 18.08.2021
2. बी०ए० / बी०एस–सी0 / बी0काम0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि — 08.09.2021
3. शैक्षणिक सत्र / कक्षायें प्रारम्भ करने की तिथि — 16.09.2021
4. बी०ए० / बी०एस–सी0 / बी0काम0 प्रथम सेमेस्टर को छोड़कर समस्त स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा पाठ्यक्रम समस्त सेमेस्टर में प्रवेश की अंतिम तिथि — 30.09.2021

   अथवा

   प्रवेश / अर्हकारी परीक्षा के परीक्षाफल घोषित होने के 20 दिनों के अन्तर्गत (जो भी बाद में हो)
5. समस्त विषम सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा फार्म भरने की तिथि — 15.09.2021 से 01.10.2021

   अथवा

   विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व परीक्षा के अंक पत्र निर्गत होने की तिथि से 20 दिनों के अन्तर्गत (जो भी बाद में हो) उक्त प्रतिबन्ध पुनः पंजीकरण के छात्रों पर भी लागू होगा।
6. समस्त सम सेमेस्टर कक्षाओं के परीक्षा फार्म भरने की तिथि (समस्त पाठ्यक्रम) — 15.02.2022 से 28.02.2022
7. स्नातक, स्नातकोत्तर, व्यावसायिक एवं वोकेशनल (परीक्षा सहित) पाठ्यक्रमों की अवधि
   (अ) विषम सेमेस्टर — 16.09.2021 से 25.01.2022
   (ब) सम सेमेस्टर — 27.01.2022 से 19.06.2022
8. शीतकालीन अवकाश — 27.12.2021 से 01.01.2022
9. ग्रीष्मकालीन अवकाश — 20.06.2022 से 19.07.2022
10. विश्वविद्यालय स्थापना दिवस एवं दीक्षान्त समारोह — 01.12.2021
11. स्वर्गीय श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा जन्म दिवस समारोह — 25.04 2022

    * सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि समस्त सेशनल / आंतरिक परीक्षाएं सत्रान्त सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रारम्भ तिथि से एक सप्ताह पूर्व सम्पन्न हो जानी चाहिए तथा मूल्यांकन प्रपत्र आवश्यक रूप से परीक्षा नियंत्रक को जमा करें।

नोट–1.सभी परिसरों के विभाग अपनी वार्षिक प्रगति आख्या को मई 2021–22 के प्रथम सप्ताह तक आवश्यक रूप से आई०क्यू०ए०सी० को जमा कर दें।

2. सभी परिसरों के विभाग कक्षायें शुरू होने के एक सप्ताह के अन्दर नव प्रविष्ट स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए ओरियन्टेशन / इन्डक्शन प्रोग्राम का आयोजन करके उसकी आख्या आई०क्यू०ए०सी० को प्रेषित कर दें। सभी स्कूलों के संकायाध्यक्ष स्नातक कक्षा के प्रवेशार्थियों के लिए भी यही सुविधा सुनिश्चित करें।

च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम की रूपरेखा

1. **मुख्य पाठ्यक्रमः** जिसे अनिवार्य रूप से छात्र द्वारा अध्ययन किया जाना चाहिए, क्योंकि मूल आवश्यकता को मुख्य पाठ्यक्रम कहा जाता है।
2. **ऐच्छिक पाठ्यक्रमः** आम तौर पर एक ऐसा पाठ्यक्रम जिसे पाठ्यक्रमों के एक पूल से चुना जा सकता है और जो अध्ययन के शिक्षण/विषय के लिए बहुत विशिष्ट या विशेष या उन्नत या सहायक हो सकता है या जो एक विस्तारित गुंजाइश प्रदान करता है या जो कुछ अन्य शिक्षण /विषय/डोमेन के लिए एक अनावरण को सक्षम बनाता है या उम्मीदवार की दक्षता/कौशल को पोषित करता है इसे ऐच्छिक कहा जाता है।

2.1 **शिक्षण विशिष्ट ऐच्छिक (डीएसई) पाठ्यक्रमः** अध्ययन के मुख्य शिक्षणधविषय द्वारा ऐच्छिक पाठ्यक्रम पेश किए जा सकते हैं, इसे शिक्षण विशिष्ट ऐच्छिक कहा जाता है। विश्वविद्यालय/ संस्थान शिक्षण संबंधी अंतः विषय प्रकृति के ऐच्छिक पाठ्यक्रम (मुख्य शिक्षण/अध्ययन के विषय द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है की पेशकश कर सकते हैं।

2.2 **शोध निबंध/परियोजनाः** विशेष/उन्नत ज्ञान प्राप्त करने के लिए बनाया गया एक ऐच्छिक पाठ्यक्रम, जैसे कि परियोजना के काम के लिए पूरक अध्ययन/सहायक अध्ययन, और एक शिक्षक/संकाय सदस्य द्वारा परामर्शी समर्थन के साथ छात्र स्वयं ऐसे पाठ्यक्रम का अध्ययन करता है, जिसे शोध निबंध/परियोजना कहा जाता है।

2.3 **जेनेरिक ऐच्छिक (GE) पाठ्यक्रमः** एक्स्पोजर लेने के इरादे के साथ आम तौर पर एक असंबंधित शिक्षण/विषय से चुना जाने वाला ऐच्छिक पाठ्यक्रम, जेनेरिक ऐच्छिक कहलाता है।

नोटः अन्य विषय के ऐच्छिक पेपर्स, जो छात्र द्वारा मुख्य विषय के रूप में नहीं लिए गए हैं। उदाहरण के लिए I, II, II, IV,V और IV सेमेस्टर में मुख्य विषयों के रूप में समाजशास्त्र और राजनीति विज्ञान वाले छात्र, V सेमेस्टर और VI सेमेस्टर में भूगोल के ऐच्छिक पेपर का विकल्प चुन सकते हैं। भूगोल के इन दो पेपर को उस छात्र के लिए जेनेरिक ऐच्छिक पेपर/पाठ्यक्रम कहा जाएगा।

3. योग्यता संवर्धन पाठ्यक्रम (AEC) योग्यता संवर्धन (AE) पाठ्यक्रम दो प्रकार के हो सकते हैं : योग्यता संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (AECC) और कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (SEC)। "एईसीसी'' (AECC) पाठ्यक्रम उस विषय–सामग्री पर आधारित पाठ्यक्रम हैं जो ज्ञान संवर्धन की ओर ले जाता है। पर्यावरण विज्ञान और अंग्रेजी/एमआईएल संप्रेषण। ये सभी कक्षाओं के लिए अनिवार्य हैं। एसईसी पाठ्यक्रम मूल्य–आधारित और या कौशल–आधारित हैं और इनका उद्देश्य हैंड्स ऑन ट्रैनिंग, दक्षता, कौशल आदि प्रदान करना है।

3.1 योग्यता संवर्धन अनिवार्य पाठ्यक्रम (AECC) पर्यावरण विज्ञान, अंग्रेजी संप्रेषण/MIL संप्रेषण।

3.2 कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम (SEC) इन पाठ्यक्रमों को मूल्य–आधारित और या कौशल–आधारित ज्ञान प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए पाठ्यक्रमों के पूल से चुना जा सकता है।

प्रवेश हेतु महत्वपूर्ण निर्देश

1. विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित किसी भी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में आवेदन के इच्छुक आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे अपनी रूचि का विषय चुनने और आवेदन पत्र/प्रवेश प्रपत्र को भरने से पूर्व सभी प्रवेश नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।
2. आवेदकों को अपने प्रवेश प्रपत्र के साथ अपनी अंतिम शिक्षण संस्था द्वारा जारी स्थानांतरण प्रमाण–पत्र (TC), चरित्र प्रमाण–पत्र (CC) की मूल तथा सत्यापित प्रतिलिपि (यदि छात्र द्वारा संस्थागत छात्र के रूप में अभियोग्यता परीक्षा उत्तीर्ण की हो) एवं राजपत्रित अधिकारी/सांसद/विधायक/स्नातक या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य अथवा नियन्ता द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण–पत्र (यदि छात्र द्वारा व्यक्तिगत अथवा दूरस्थ शिक्षा माध्यम से अभियोग्यता परीक्षा उत्तीर्ण की हो) पूर्व में हुई परीक्षाओं की अंकतालिका और प्रमाण पत्र/डिग्रियों, मेरिट प्रमाण–पत्र, खेल प्रमाण–पत्र और दूसरे संबंधित कागजातों की प्रमाणित छाया प्रति लगानी होगी।

विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित विभिन्न पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों में दाखिले हेतु आरक्षण का लाभ प्राप्त करने वाले आवेदकों को, जो कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति/दिव्यांग/आर्थिक रूप से कमजोर ;मैद्ध हैं, उपजिलाधिकारी/ जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जो लागू हो, द्वारा जारी निर्धारित प्रारूप पर प्रमाण–पत्र की सत्यापित/प्रमाणित छाया प्रति लगानी होगी।

4. आवेदक को अपने प्रवेश प्रपत्र में दी गई खाली जगह में अपना रंगीन नवीनतम पासपोर्ट साइज हस्ताक्षरित और सत्यापित फोटोग्राफ लगाना अनिवार्य है।
5. विश्वविद्यालय के नियमानुसार, प्रवेश समिति किसी विद्यार्थी के सत्यापित कागजातों के आधार पर ही प्रवेश के लिए विचार करेगी।
6. आवेदक को अपने मूल प्रमाण–पत्रों एवं प्रशंसा पत्रों के साथ अपनी शैक्षिक रिकार्ड और पहचान के लिए प्रवेश समिति के समक्ष स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है।
7. आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे निर्धारित प्रवेश प्रपत्र में अपना प्रवेश आवेदन भरकर अंतिम तिथि से पूर्व जमा करायें। अंतिम तिथि के बाद आने वाला कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा किन्तु कश्मीर से पुर्नस्थापितों के लिए अंतिम तिथि के पश्चात् एक माह छूट का प्रावधान है।
8. अधूरे प्रवेश आवेदन प्रपत्र या निर्धारित प्रवेश प्रपत्र में नहीं भरे गये आवेदन पत्र या निर्देश ;2द्ध में बनाए गए कागजातों के बिना आए आवेदन पत्र प्रवेश हेतु स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
9. विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित विभिन्न व्यावसायिक और वोकेशनल कोर्स विभिन्न परिसरों में स्ववित्त पोषित प्रणाली के अंतर्गत केवल दस या उससे अधिक आवेदकों की स्थिति में ही उपलब्ध होंगे। दिए गए परिसर के किसी निश्चित पाठ्यक्रम में आवेदकों की संख्या दस से कम होने की स्थिति में वह कोर्स उपलब्ध नहीं होगा। किन्तु आवेदक की योग्यता और सीट की उपलब्धता होने पर आवेदक को उस पाठ्यक्रम को लेने का सुअवसर दिया जाएगा, जिस परिसर में वह उपलब्ध होगा।
10. विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित कोर्सों में प्रवेश, या तो प्रवेश हेतु ली गई प्रवेश परीक्षाओं में आवेदक की योग्यता के आधार पर होंगे या विभिन्न संयुक्त प्रवेश जांच/परीक्षाओं जैसे (JEE-MAIN, MAT/C-MAT) आदि के परिणामों की उद्घोषणा के आधार पर काउंसिलिंग के आधार पर होंगे या विभिन्न आवेदकों की योग्यता के आधार पर आवेदन स्वीकृत किए जाएंगे। प्रवेश देने की व्यवस्था स्कूल से स्कूल और पाठ्यक्रम से पाठ्यक्रम भिन्न हो सकती हैं।
11. किसी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में प्रवेश हेतु विभिन्न आवेदकों के योग्यता संबंधी समुचित/उपयुक्त मापदंड सक्षम अधिकारी द्वारा निश्चित या अधिसूचित होंगे, तथा उसी व्यवस्था एवं योग्यतानुसार विश्वविद्यालय के तीनों परिसरों में पाठ्यक्रम/कार्यक्रम के लिए तय सीटों की संख्या के आधार पर प्रवेश स्वीकृत/अस्वीकृत किये जायेंगे।
12. विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में प्रस्तावित शैक्षिक सत्र में किसी भी स्थिति में प्रस्तावित व उपलब्ध सीटों की संख्या से अधिक प्रवेश नहीं दिया जायेगा। किसी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में निर्धारित सीटों की संख्या शैक्षणिक सत्र के दौरान किसी भी परिस्थिति में नहीं बढ़ायी जायेंगी।
13. विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में अधिसूचित प्रवेश की अंतिम तिथि के पश्चात् किसी भी आवेदक का प्रवेश नहीं होगा और यह अंतिम तिथि किसी भी स्थिति में आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। चाहे संबंधित पाठ्यक्रम या कार्यक्रम की कुछ सीटें प्रवेश की अंतिम तिथि के बाद भी खाली रह जाएं।
14. विश्वविद्यालय के पास अधिकार है कि वह बिना कारण बताए किसी भी आवेदक को प्रवेश लेने हेतु मना कर सकता है या उसका प्रवेश बिना कारण बताए निरस्त कर सकता है।
15. प्रत्येक छात्र को प्रवेश के लिए अंतिम अधिसूचित तिथि से पूर्व एकमुश्त वार्षिक शुल्क, छह माह का ट्यूशन शुल्क, परीक्षा शुल्क आदि जमा कराना होगा। ऐसा न होने की स्थितियों पर दोषी विद्यार्थी की प्रवेश स्वीकृति स्वयं ही निरस्त हो जाएगी।
16. स्नातक प्रथम सेमेस्टर के आवेदकों को प्रवेश के समय आवंटित विषयों के परिवर्तन की अनुमति मात्र प्रवेश लेने की तिथि से 15 दिन के भीतर सम्बन्धित विषय में स्थान उपलब्ध होने पर विभागाध्यक्ष एवं सम्बन्धित संकायाध्यक्ष की संस्तुति के उपरान्त ही दी जायेगी। पाठ्यक्रम परिवर्तन हेतु प्रार्थी की सम्बन्धित पाठ्यक्रम हेतु अर्हता प्राप्त होने तथा स्थान उपलब्ध/रिक्त होने पर योग्यताक्रमानुार कांउसिलिंग बोर्ड के माध्यम से ही प्रवेश की अनुमति दी जायेगी।

17. स्नातक स्तर पर प्रवेशार्थी निर्देशिका में निर्धारित किये गये अनुवर्गो के आधार पर विभिन्न स्कूलों से किसी भी विषय का चयन करने का कोई प्रतिबन्ध नहीं है। कोई भी विद्यार्थी बी0ए0 या बी0एस0सी0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु विभिन्न स्कूलों से किसी भी स्कूल से कोई भी विषय चयन कर सकता है ऐसी दशा में प्रशासनिक प्रयोजन हेतु उसका स्कूल वही माना जायेगा जिस स्कूल से उसने अधिक विषयों का चयन किया है। फिर भी यदि कोई विद्यार्थी तीन स्कूलों से एक–एक विषय चयन करता है तो ऐसी दशा में उसे प्रशासनिक देख–रेख हेतु आवेदन–पत्र (Admission Form) में अपने रूचि के स्कूल का नाम अंकित करना होगा।
18. निर्देश सं0 17 के अनुसार प्रवेश लेने के पश्चात् किसी भी अभ्यर्थी को स्कूल का नाम (जो आवेदन पत्र में अंकित है) बदलने की अनुमति नहीं होगी।
19. प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता प्रतिशतांक की गणना हेतु प्रतिशतांक में आंशिक लाभ जैसे कि 44.9% या 39.9% को क्रमशः 45% या 40% नहीं माना जाएगा।

शैक्षिक सत्र 2021–2022 के लिए प्रवेश नियम

स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु

1. सभी कक्षाओं/पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निम्नलिखित अर्हताएं आवश्यक होंगी एवं अनुसूचित जाति, अनु0जनजाति के आवेदकों को प्रवेश में 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। कला, संचार एवं भाषा स्कूल, वाणिज्य, शिक्षा, मानविकी तथा समाजिक विज्ञान एवं प्रबन्धन संकाय योग्यता प्रदायी परीक्षा में 40% अंक।
   कृषि एवं सम्बद्ध विज्ञान स्कूल : योग्यता प्रदायी परीक्षा में 45% अंक।
2. विशेष पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हताएं निम्नलिखित हैं–

कला, संचार एवं भाषा स्कूल–

एम0ए0 संगीत (वोकेशनल)– स्नातक उपाधि संगीत विषय के साथ/ संगीत प्रभाकर अथवा विषारद् 55% अंकों के साथ जिसमें 45% अंक प्रयोगात्मक परीक्षा में हों, उत्तीर्ण होना आवश्यक है। एम0ए0 संगीत (तबला)– स्नातक उपाधि संगीत विषय के साथ/ संगीत प्रभाकर अथवा विषारद् 55% अंकों के साथ जिसमें 45% अंक प्रयोगात्मक परीक्षा में हों, उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

वाणिज्य संकाय–

एम0कॉम0 हेतु : बी0कॉम0 40% बी0ए0/बी0एस–सी0 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान

एम0ए0/एम0एस–सी0 मानव विज्ञान– सामान्य जाति के अभ्यर्थी हेतु स्नातक परीक्षा 40% अंकों के साथ एवं अनु0 जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु विश्वविद्यालय के नियमानुसार अथवा बी0एस–सी0 (जीव विज्ञान समूह) 45% अंकों के साथ (सामान्य जाति हेतु) तथा अनु0जाति/अनु0 जनजाति हेतु विश्वविद्यालय के नियमानुसार। मास्टर इन सोशल वर्क (एम0एस0डब्ल्यू0)– किसी भी वर्ग (discipline) में 45% अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की होनी चाहिए।

विज्ञान स्कूल

एम0फार्म0 (फार्मास्यूटिक्स)– एम.फार्म कोर्स विनियम 2014, सं. 2014/136–14, पीसीआई के अनुसार–

अ. भारतीय फार्मेसी परिषद् द्वारा अनुमोदित संस्थान से भारत में कानून द्वारा स्थापित किसी भारतीय विश्वविद्यालय की बी.फार्म डिग्री परीक्षा और अधिकतम अंकों का कम से कम 55 प्रतिशत। बी.फार्म. के चार साल का कुल प्राप्त किया हो।

ब. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित अंकों का प्रतिशत अधिकतम अंकों का 50 प्रतिशत होगा। (बी. फार्म. के चार का कुल)।

स. प्रत्येक छात्र, किसी भी स्नातकोत्तर फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चयनित देश में फार्मेसी संस्थान को राज्य फार्मेसी परिषद् के साथ पंजीकरण प्राप्त करना चाहिए या उसके प्रवेश की तिथि से एक माह के भीतर प्राप्त करना चाहिए, ऐसा नहीं करने पर उम्मीदवार का प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।

एम0एस–सी0 (फार्मास्यूटिकल कैमेस्ट्री)– सामान्य जाति के अभ्यर्थी हेतु बी0फार्मा0/बी0एस–सी0 45% अंकों में तथा अनु0 जाति/अनु0जनजाति के अभ्यर्थी हेतु 40% अंकों के साथ बी.फार्मा परीक्षा उत्तीर्ण की हो, साथ ही रसायन विज्ञान एक विषय के रूप में चयनित हो।

एम0ए0 (गृह विज्ञान)– सामान्य जाति के अभ्यर्थी के लिए गृह विज्ञान विषय के साथ स्नातक परीक्षा 40% अंकों में उत्तीर्ण की हो तथा अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के अभ्यर्थी हेतु विश्वविद्यालय के नियमानुसार स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

भू–विज्ञान स्कूल

एम0एस–सी0 (रिमोट सेंसिंग एवं जी0 आई0एस0 प्रयोग)–सामान्य जाति के अभ्यर्थी के लिए न्यूनतम 55% अंकों के साथ एवं अनु0 जाति/अनु0जनजाति के अभ्यर्थी के लिए 50% अंकों में, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वानिकी, कृषि विज्ञान, भौतिकी, भूगर्भ विज्ञान अथवा भूगोल विषय के साथ बी0एस–सी0 अथवा 50% अंकों के साथ सम्बन्धित विषय में बी0टेक परीक्षा उत्तीर्ण की हो, कम्प्यूटर का ज्ञान होना आवश्यक है।

लाइफ साइन्स (जीव विज्ञान) स्कूल

पंचवर्षीय एकीकृत एम0एस–सी0 जैव प्रौद्योगिकी– सामान्य जाति के अभ्यर्थी के लिए इण्टरमीडिएट/10+2 परीक्षा (सी.बी. एस.ई. आई.सी.एस.ई. अथवा समकक्ष बोर्ड) 60% अंकों के साथ तथा अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के अभ्यर्थी द्वारा 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो।

एमएसी पर्यावरण विज्ञान– बीएस0सी0 वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वानिकी, कृषि विज्ञान, भू–विज्ञान अथवा भूगोल के साथ सामान्य वर्ग के लिए न्यूनतम 45% अंक के साथ उत्तीर्ण एवं अन्य आरक्षित श्रेणियों हेतु विश्वविद्यालय के नियमानुसार छूट।

पर्यावरणीय अर्थशास्त्र में एडवांस पीजी0 डिप्लोमा– किसी भी विषय में एम0एस–सी0/एम0एस–सी0 कृषि विज्ञान/एम0ए0 अर्थशास्त्र/एम0कॉम0, सामान्य जाति के अभ्यर्थी के लिए 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण एवं अन्य आरक्षित श्रेणियों के लिए विश्वविद्यालय नियमानुसार छूट।

पर्यावरणीय प्रबन्धन में पीजी0 डिप्लोमा– एम0एस–सी0 (विज्ञान के किसी भी विषय में) एम0टैक0/एम0एस–सी (कृषि विज्ञान)/पृथ्वी विज्ञान, सामान्य जाति के अभ्यर्थी के लिए 55% अंकों के साथ उत्तीर्ण तथा अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के अभ्यर्थी हेतु विश्वविद्यालय के नियमानुसार छूट।

विधि स्कूल

भारतीय विधि परिषद समय–समय पर न्यूनतम प्रतिशतांक का निर्धारण करता है, तद्नुसार सामान्य श्रेणी अभ्यर्थियो के लिए 45% अन्य पिछडा वर्ग 42% तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 40% अंको का प्राविधान है। (बी०ए०एलएल०बी० के लिए 10+2 तथा एलएल०बी० के लिए स्नातक योग्यता अनिवार्य है।

प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी स्कूल

एम.टेक (सीएसई) के लिए – एम.टेक. (सीएसई) पाठ्यक्रम में प्रवेश सीएसई/आईटी में वैध गेट स्कोर की श्रेष्ठता के आधार पर किया जाएगा। सीट रिक्त होने की परिस्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा/मेरिट में प्राप्तांकों की योग्यता सूची के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

एम.सी.ए. के लिए – बीसीए/कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या समकक्ष डिग्री उत्तीर्ण।

अथवा

बी.एस.सी./बी.कॉम./बी.ए. गणित के साथ 10+2 स्तर पर या स्नातक स्तर पर। (संबंधित विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार अतिरिक्त ब्रिज कोर्स के साथ उत्तीर्ण)।

अर्ह परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 45 प्रतिशत अंक) प्राप्त किए हो।

शिक्षा स्कूल–

एन0सी0टी0ई0 अधिनियम 2014 के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के आधार पर बी0एड0/एम0एड0/बी0पी0एड0/एम0पी0एड0 पाठ्यक्रमों हेतु न्यूनतम अर्हता के आधार पर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित छात्र द्वारा प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांकों की योग्यता सूची के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

प्रबन्धन स्कूल–

एम.बी.ए. और एम.बी.ए. (पर्यटन और यात्रा प्रबन्धन) पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश हेतु पात्रता निम्नवत् है–

किसी भी विषय में 3 वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण (आरक्षित वर्ग के लिए 45 प्रतिशत प्राप्तांक) होना आवश्यक है।

बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (बी.एच.एम.) – पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु पात्रता निम्नवत् है–

10+2 परीक्षा में 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण (आरक्षित वर्ग के लिए 40 प्रतिशत प्राप्तांक)।

स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु

1. सभी कक्षाओं/पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए निम्नलिखित अर्हताएं आवश्यक होंगी एवं अनुसूचित जाति, अनु0जनजाति के आवेदकों को प्रवेश में 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

योग्यता प्रदायी परीक्षा का अर्थ है– *स्नातक कक्षाओं और एकीकृत पांच वर्षीय डिग्री प्रवेश हेतु– इंटरमीडिएट/10+2 परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त राज्य/केन्द्रीय बोर्ड/राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय या समकक्ष परीक्षा या किसी दूसरी मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी वि0वि0/संस्था से समकक्ष परीक्षा।*

कला, संचार एवं भाषा स्कूल, वाणिज्य, शिक्षा मानविकी तथा समाजिक विज्ञान योग्यता प्रदायी परीक्षा' में 40%: अंक। कृषि एवं सम्बद्ध विज्ञान स्कूल : योग्यता प्रदायी परीक्षा' में 45% अंक। विशेष पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अर्हताएं निम्नलिखित हैं–

कृषि एवं सम्बन्धित विज्ञान स्कूल*

बी0एस0सी0 वानिकी एवं बी0एस–सी0 उद्यानिकी– (4 वर्षीय पाठ्यक्रम) में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी द्वारा किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से इण्टरमीडिएट (10+2) परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा गणित/जीवविज्ञान/कृषि समूह विषय के साथ उत्तीर्ण की हो।

प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी स्कूल

(अ) बी0टेक0 प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु–

प्रवेशार्थियों को 10+2 परीक्षा भौतिकी तथा गणित विषयों के साथ न्यूनतम कुल 45% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। और प्रवेशार्थियों को जे.ई.ई. (मुख्य) परीक्षा में सम्मिलित होना चाहिए। जे.ई.ई मुख्य परीक्षा में (पेपर प्रथम) की मैरिट/रैंक के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

(ब) बी.टैक तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु– प्रवेशार्थियों को बी.एस.सी. या इंजीनियरिंग में 3–4 वर्षीय डिप्लोमा 45% अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। और प्रवेशार्थियों को बी0टेक0 लैटरल इण्ट्री हेतु इस विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होना चाहिए। बी0टेक0 तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश परीक्षा की मेरिट/रैंक के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

विज्ञान स्कूल

(अ) बी0फार्म0 प्रवेश के समय अभ्यर्थी को सम्बन्धित राज्य/केन्द्र सरकार के अधिकारियों द्वारा आयोजित 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी, जो कि भारतीय विश्वविद्यालयों के संघ (एआईयू) द्वारा 10+2 परीक्षा के समकक्ष मान्यता प्राप्त है, अंग्रेजी विषयों में से एक के रूप में और भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित/जीव विज्ञान के रूप में वैकल्पिक विषय व्यक्तिगत रूप से।

उपरोक्त किसी भी परीक्षा के समकक्ष भारतीय फार्मेसी परिषद् द्वारा अनुमोदित कोई अन्य योग्यता बशर्ते कि एक छात्र को पाठ्यक्रम में प्रवेश के वर्ष के 31 दिसम्बर को या उससे पहले 17 वर्ष की आयु पूरी करनी चाहिए।

(ब) बी0फार्म0 द्वितीय वर्ष (लेटरल इण्ट्री) फार्मेसी अधिनियम की धारा 12 के तहत फार्मेसी काउंसिल ऑफ इण्डिया द्वारा अनुमोदित संस्थान से डी.फार्मेसी पाठ्यक्रम, कम से कम 45 प्रतिशत अंकों (आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के मामले में 40 प्रतिशत और भौतिकी, गणित के साथ 10+2 उत्तीर्ण। जीव विज्ञान और रसायन विज्ञान 45 प्रतिशत अंकों के साथ (आरक्षित वर्ग से सम्बन्धित उम्मीदवार के मामले में 40 प्रतिशत।

डी.फार्म के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवार। अंतिम परीक्षा भी लागू हो सकती है।

3. सी.बी.सी.एस. प्रणाली

3.1 सी.बी.सी.एस. प्रणाली में यू0जी0 स्तर पर तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के क्रेडिटों को मिलाकर न्यूनतम एक सेमेस्टर के बराबर क्रेडिट प्राप्त करने पर छात्र–छात्रा प्रवेश के योग्य है। इससे कम क्रेडिट आने पर छात्र–छात्रा एक्स स्टूडेन्ट माना जायेगा। उदाहरणार्थ : यदि प्रथम सेमेस्टर कुल 22 क्रेडिट का है और इसी प्रकार द्वितीय सेमेस्टर भी 22 क्रेडिट का है तो विद्यार्थी को तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर का कुल योग न्यूनतम 22 क्रेडिट अर्जित करना अनिवार्य होगा।

3.2 स्नातक स्तर पर बी०एस–सी0/बी0ए0/बी०कॉम0 पंचम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के क्रेडिटों को मिलाकर न्यूनतम 66 क्रेडिट प्राप्त करने पर छात्र–छात्रा प्रवेश योग्य है। इससे कम क्रेडिट आने पर छात्र–छात्रा को एक्स स्टूडेन्ट माना जायेगा। बी०एससी0 बायोटेक/माईक्रो हेतु छात्र–छात्रा को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के कुल क्रेडिट में न्यूनतम 90 क्रेडिट प्राप्त करने पर छात्र–छात्रा प्रवेश योग्य है।

3.3 यदि कोई छात्र किसी सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा में बैठने से पूर्व सेशनल परीक्षा में अनुपस्थित रहता है तो ऐसे छात्र/छात्राओं को सम्बन्धित विभाग द्वारा आने वाले दूसरे शैक्षिक सत्र की सम्बन्धित सेमेस्टर की सेशनल परीक्षा में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क रू0 2500–/ प्रति पेपर जमा करने के पश्चात् ही सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जायेगी।

3.4 प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु भी सी.बी.सी.एस. प्रणाली में बैक पेपर की सुविधा स्वतः ही अनुमन्य है। छात्र–छात्रा के प्रयोगात्मक बैक पेपर हेतु बैक पेपर आवेदन पत्र भरना आवश्यक है।

अन्य महत्वपूर्ण नियम

1. कंपार्टमेंट/सप्लीमेन्ट्री परीक्षा देने वाले आवेदक भी प्रवेश हेतु प्रवेश प्रपत्र भर सकते हैं। किन्तु केवल ऐसे आवेदक प्रवेश हेतु विचारणीय होंगे जिन्होंने अपनी कंपार्टमेन्ट/सप्लीमेन्ट्री परीक्षा उत्तीर्ण करने के दौरान, यदि प्रवेश प्रपत्र समय पर भर दिया हो, तथा उनका परिणाम प्रवेश के लिए अंतिम तिथि से पूर्व घोषित हो चुका हो।
2. तीन वर्षीय एलएलबी और एकीकृत पंचवर्षीय एल.एल.बी. पाठ्यक्रम में बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों के अनुसार ही प्रवेश नियम मान्य होंगे।
3. आवेदक को अपने प्रवेश प्रपत्र के साथ पूर्ववर्ती निर्देश (2) में निर्दिष्ट सभी प्रपत्र जमा करवाने होंगे। इसके साथ आवेदक जिन्होंने हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय की बजाय किसी अन्य विश्वविद्यालय से क्वालीफाइंग परीक्षा पास की हो, उन्हें उस विश्वविद्यालय से प्रवजन प्रमाण–पत्र लेकर प्रवेश की अंतिम तिथि से एक माह के भीतर जमा करवाना होगा। ऐसा न होने की स्थिति में प्रवेश निरस्त माना जायेगा।
4. पूर्णकालिक रोजगार करने वाले आवेदक किसी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम के लिए विचारणीय होंगे जब वे अपने नियोक्ता द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जमा करेंगे।
5. भारत सरकार की केन्द्रीय शिक्षण संस्थान (प्रवेश में आरक्षण) एक्ट 2006 के तहत विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रम/कार्यक्रमों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति अभ्यर्थियों के लिए सीटें आरक्षित होंगी– जैसे अनुसूचित जाति के लिए 15:, अनुसूचित जनजाति के लिए 7.5:, पिछड़ी जाति के लिए 27: और इसी प्रकार इसी के समानान्तर प्रत्येक श्रेणी में आरक्षण होगा– 30: महिलाओं के लिए, 5: रक्षा कर्मियों के लिए और/या उनके आश्रितों के लिए, 5: विकलांगों के लिए और 2: स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के लिए आरक्षण होगा। अन्य पिछड़ी जाति के प्रवेशार्थियों को अपने अभिभावक का विगत वित्तीय वर्ष का नॉन–क्रीमी लेयर प्रमाण–पत्र जमा करना होगा।
6. मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली के आदेश सं० एफ. नं.: 12–4/2019–यू1 दिनांक 17.01.2019 के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए सत्र 2019–20 से 10 प्रतिशत स्थान आरक्षित किये जायेंगे। हालांकि विश्वविद्यालय में मौजूद मूल–भूत सुविधाओं एवं अन्य सुविधाओं के मध्यनजर यह आरक्षण चरणबद्ध रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है। सत्र 2019–2020 से आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग का आरक्षण 5 : विश्वविद्यालय के सभी परिसरों के सभी पाठ्यक्रमों के लागू किया गया है। शेष 5 प्रतिशत आरक्षण शासन द्वारा मूलभूत सुविधायें उपलब्ध होने पर लागू किया जायेगा।
7. परीक्षा से रोके गये छात्र, कक्षा में अनुत्तीर्ण या ड्राप आउट्स आवेदकों को प्रवेश नहीं मिलेगा। किन्तु वे भूतपूर्व छात्र के रूप में उस संबंधित कक्षा की वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा में बैठ सकते हैं। ड्रॉप आउट्स का अर्थ है – वे विद्यार्थी जिन्हें प्रवेश के पश्चात् एक शैक्षिक सत्र में तो उपस्थिति दी लेकिन किसी वैध एवं स्वीकार्य वजह से वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा न दे पायें हों। किन्तु केवल ऐसे विद्यार्थी भूतपूर्व छात्र के रूप में स्वीकार किये जायेंगें, जिन्होंने उस शैक्षिक सत्र में न्यूनतम निर्धारित उपस्थिति पायी हो और विश्वविद्यालय द्वारा यथा विधि जारी प्रवेश पत्र पर अनुक्रमांक नंबर निर्दिष्ट हो और जिसने अपनी वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षा मेडिकल कारणों से छूट गयी हो।
8. वे आवेदक जो परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने के कारण दण्डित हों, या अपने द्वारा किये गये किसी अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषी पाये गये हों या विश्वविद्यालय द्वारा निष्कासित हों या किसी संस्थान में रैगिंग के मामले में दोषी पाये गये हों उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
9. यदि विद्यार्थी किसी भी परिसर में किसी भी गलत, अनुचित, गैरकानूनी और अनुशासन भंग की किसी गतिविधि में संलिप्त पाया जाता है, या विश्वविद्यालय के नियम कायदे कानून भंग करता है, नियन्ता (प्रोक्टर बोर्ड) द्वारा कुछ समय के लिए/पूर्ण रूप से निष्कासित किया जा सकता है, या कम से कम अगले शैक्षिक सत्र हेतु प्रवेश देने से वंचित किया जा सकता है।

10. अर्हता परीक्षा पास करने के पश्चात् दो या अधिक वर्ष का समय अन्तराल हो गया है और वह प्रवेश के सभी शर्तो का अनुपालन करता है तो विश्वविद्यालय उसे भी प्रवेश दे सकता है परन्तु उसे इस समय अन्तराल का शपथ पत्र भर कर देना होगा जिसमें समय अन्तराल का कारण स्पष्ट हो जिससे विश्वविद्यालय सक्षम अधिकारी सन्तुष्ट हो।
11. स्नातक कक्षाओं के लिए आवेदकों को पुनः उसी कक्षा में किसी विषय या स्कूल में अध्ययन हेतु प्रवेश नहीं दिया जायेगा, जिस कक्षा को उन्होंने पास कर लिया है। उदाहरण के तौर पर बी0एस–सी0 पास करने वाले विद्यार्थी बी0एस–सी0 में किसी दूसरे भिन्न विषयों के समूह के साथ या बी0ए0 / बी0कॉम0 में प्रवेश नहीं ले सकते हैं। हालांकि स्नातकोत्तर कक्षाओं में एक बार किसी विषय में स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् किसी दूसरे विषय में अर्हता पूर्ण करने के उपरान्त योग्यताक्रमानुसार प्रवेश दिया जा सकता है।
12. ऐसे आवेदक जिन्होंने स्नातक कक्षा का प्रथम / द्वितीय वर्ष पास कर लिया हो या स्नातकोत्तर कक्षा के भूतपूर्व विद्यार्थी के रूप में पास कर लिया हो, वे दूसरे / तीसरे वर्ष से संबंधित कक्षा के लिए स्वीकृत होंगे, यदि वे न्यूनतम योग्यता मानदण्ड पूरे करते हों तथा जिस कक्षा में प्रवेश चाहिए, वहां सीटों की उपलब्धता हो।
13. विश्वविद्यालय में प्रविष्ट विद्यार्थी की, नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन की अधिकतम समयावधि इस प्रकार होगी–
    1. समस्त स्नातक पाठ्यक्रम (बी.एड. / बी.पी.एड. को छोड़कर) – पाठ्यक्रम अवधि + 2 वर्ष
    2. समस्त स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (एम.एड. / एम.पी.एड. को छोड़कर) – पाठ्यक्रम अवधि + 2 वर्ष
    3. बी.एड. एवं बी.पी.एड. – पाठ्यक्रम अवधि + 1 वर्ष
    4. एम.एड एवं एम.पी.एड. – पाठ्यक्रम अवधि + 1 वर्ष
14. विश्वविद्यालय में किसी पाठ्यक्रम / कार्यक्रम (प्रोग्राम) में प्रविष्ट विद्यार्थी और विश्वविद्यालय का पंजीकृत शोध छात्र भी दूसरी किसी शिक्षण संस्था या पाठ्यक्रम या कार्यक्रमों या किसी डिग्री / डिप्लोमा सर्टिफिकेट में प्रवेश हेतु प्रतिबंधित है, किन्तु दूरस्थ शिक्षा पाठ्यक्रम / कार्यक्रम में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित एड–ऑन पाठ्यक्रम में भाग ले सकता है, परन्तु उसे संबंधित शैक्षिक सत्र पूरा करना आवश्यक है। इसका अर्थ है कि कोई भी विद्यार्थी दो डिग्री / डिप्लोमा / सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम एक शैक्षिक सत्र में एड–ऑन कोर्स को छोड़ कर नहीं पढ़ सकता और न ही परीक्षा दे सकता है।

(क) किन्तु उक्त के माध्यम में विश्वविद्यालय आरक्षण मानव संसाधन विकास मत्रालय / विश्वविद्यालय अनुदान आयोग भारत सरकार द्वारा समय–समय पर प्राप्त दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जाएगा।

15. विश्वविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम / कार्यक्रम (प्रोग्राम) में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को पाठ्यसहगामी क्रियाओं के लिए अधिकतम 5% का अधिभार निम्नलिखित क्रियाकलापों पर मिलेगा–

(क) एन.एस.एस.–बी प्रमाणपत्र या 240 घंटे + दो विशेष शिविर–1%, एन.एस.एस.–सी प्रमाणपत्र–2%, राष्ट्रीय एकीकरण शिविर / गणतंत्र दिवस परेड–3% (अधिकतम–3%)

(ख) एन.सी.सी.–बी प्रमाणपत्र–1%, एन.सी.सी.–सी प्रमाणपत्र–2%, गणतंत्र दिवस परेड (राष्ट्रीय) में प्रतिभागिता–3%, राज्य / देश के पुरस्कृत एन.सी.सी. कैडेट–3% (अधिकतम–3%)

(ग) भा.वि.सं. जोनल द्वारा आयोजित युवा महोत्सव के अंतर्गत चयनित छात्र–2%, राष्ट्रीय स्तर–3% (अधिकतम–3%)

(घ) भारतीय विश्विद्यालय सघं द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग पर जोनल 3% राष्ट्रीय : (अधिकतम 5%)

(ड) भा.वि.सं. या संसदीय मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त व्यक्तिगत–प्रथम–4%, द्वितीय–3% और तृतीय–2%, और टीम – प्रथम–3%, द्वितीय–2%, और तृतीय–1% (अधिकतम 4%)

(च) राष्ट्रीय स्तर की साक्षरता / सांस्कृतिक / प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता –व्यक्तिगत प्रथम–4%, द्वितीय–3%, तृतीय–2%, और टीम प्रथम–3%, द्वितीय 2% और तृतीय–1% (अधिकतम 4%)

(छ) एशियन / कॉमनवेल्थ / ओलम्पिक खेलों में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक स्थान निर्धारित किया गया है।

16. सभी स्कूलों के अधिष्ठाता, परिसर के निदेशक तथा विश्वविद्यालय द्वारा नामित सदस्य प्रवेश समितियों का गठन करेंगे। ये संस्थापित समितियां आवेदकों का ऑनलाइन/व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार लेंगे, उनके शैक्षिक प्रमाण–पत्र और पहचान की परीक्षा करेंगी और स्नातक और दूसरी कक्षाओं के लिए प्रवेश हेतु उत्तरदायी होंगी। इसके लिए सूचना अलग से दी जायेगी एवं उनका निर्णय अंतिम होगा। प्रवेश सम्बन्धी समस्त कार्यों के लिए प्राचार्य/परिसर निदेशक/संकायाध्यक्ष के निर्णय ही मान्य होंगे।
17. परिसर के निदेशक/स्कूलों के अधिष्ठाता विभिन्न विभागों के प्रमुखों को उनके विभागों में, विश्वविद्यालय के साथ–साथ, भर्ती विद्यार्थियों की सूची प्रवेश की तिथि के सात कार्यकारी दिनों के भीतर प्रेषित करेंगे और विभिन्न विषयों के प्रमुख इन सूचियों के आधार पर अपने–अपने रजिस्टर में नाम दर्ज करेंगे। इस सूची के पश्चात् यदि कोई प्रवेश होता है तो वह अमान्य होगा। कश्मीर से पुनर्वासित, जिन्हें एक माह की छूट है अपवाद होंगे।
18. विभिन्न संबंधित परिसरों/स्कूलों के सूचनापट पर विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों की सूची छापी और लगाई जाएगी। विद्यार्थियों को अपनी दाखिले और दूसरी फीस इस सूची में बताई तिथि तक जमा करवानी होगी।
19. स्नातक कक्षाओं में दाखिला विद्यार्थियों को इनके वैकल्पिक विषय दर्शाते हुए कोई सूची नहीं दी जाएगी अपितु उनकी शुल्क रसीद पर और परिचय–पत्र पर दर्ज होगी, जो उन्हें दिए जायेंगे।
20. सभी व्यावसायिक/वोकेशनल, विधि और शिक्षा स्कूलों द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रमों के संबंध में स्कूल के अधिष्ठाता/परिसर के निदेशक/संबद्ध कालेज/संस्था का प्रधानाचार्य प्रवेश आवेदकों की सूची तैयार करेंगे। उनके योग्यता क्रम, श्रेणी जन्मतिथि, क्रमसंख्या, और शुल्क रसीद जारी होने की तिथि और उस रसीद को प्रवेश के एक माह के भीतर विश्वविद्यालय में जमा कराने की तिथि लिखेंगे और केवल उन विद्यार्थियों के परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत किये जाएंगे जिनके नाम इस सूची में होंगे।
21. विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित शैक्षिक कैलेण्डर सभी संबद्ध महाविद्यालयों और संस्थाओं के लिए बिना किसी विभेद के लागू होगा। हालाँकि आरक्षण के नियम केन्द्र सरकार की नीतियों के अनुसार लागू किये जा सकते हैं।
22. विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा सभी पाठ्यक्रमों में अधिसूचित प्रवेश की अंतिम तिथि तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी, चाहे वह कोई भी प्रवेश हो। जैसे प्रवेश परीक्षा, काउंसिलिंग या योग्यता प्रवेश परीक्षा, यदि कोई, संबद्ध कॉलेज या संस्था द्वारा आयोजित की जाती है तो वह तभी वैध मानी जाएगी जब विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षित हो।
23. जिन आवेदकों ने उस पाठ्यक्रम की अंतिम वार्षिक/ अंतिम सेमेस्टर परीक्षा दी हो, और उनका परिणाम प्रतीक्षित हों, वे अपने पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा (शिक्षा और कानून स्कूल द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम समेत) दे सकते हैं, जिसमें वे प्रवेश लेना चाहते हैं। लेकिन उन पर अंतिम प्रवेश साक्षात्कार/काउंसिलिंग के समय तभी विचार किया जाएगा जब उनके अन्तिम परिणाम आ गये हों और वे उनकी वैध अंकसूची प्रस्तुत कर सकें।
24. विधि स्कूल द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बनाए और अधिसूचित नियमों के साथ–साथ बार काउंसिल द्वारा समय–समय पर बनाए और सूचित नियम भी लागू होंगे।
25. विधि स्कूल द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रम में स्थानांतरण नहीं होगा और किसी भी विशेष परिसर/संबद्ध कालेज/संस्था में प्रवेश विद्यार्थी को उसी परिसर या कालेज या संबद्ध संस्था में ही वहीं पाठ्यक्रम पूरा करना होगा।
26. केवल वही विद्यार्थी वार्षिक/सेमेस्टर परीक्षाओं में भाग लेने के लिए स्वीकृत होंगे जिन्होंने अधिसूचित तिथि तक अपना परीक्षा प्रपत्र परीक्षा हेतु भरकर जमा कर दिया हो और उस शैक्षिक वर्ष की अपनी अनिवार्य उपस्थिति दी हो।
27. सभी आवेदकों को यह नोट करने का परामर्श दिया जाता है कि रैंगिंग गैर कानूनी गतिविधि घोषित की जा चुकी है। रैंगिंग में लिप्त छात्र निष्कासित कर दिया जाएगा और कानून के दायरे में आ जाएगा। सभी विद्यार्थी किसी भी पाठ्यक्रम/कार्यक्रम (प्रोग्राम) में प्रवेश लेते समय निर्धारित प्रपत्र पर अपने हस्ताक्षर के साथ–साथ माता–पिता द्वारा हस्ताक्षरित एक शपथ–पत्र प्रस्तुत करेंगे कि वे किसी रैंकिंग में लिप्त नहीं होंगे और उसके लिए बनाए नियमों का पालन करेंगे। ऐसा न होने की स्थिति में प्रवेश नहीं होगा और यदि प्रवेश हो गया है तो वह निरस्त हो जाएगा।
28. विद्यार्थी द्वारा जमा की गई जमानत राशि अन्तिम परीक्षा पास किये जाने के एक वर्ष के अन्तर्गत उसके द्वारा वापस मांगी जा सकती है। उपरोक्त समय के बीत जाने पर यह राशि स्वतः जब्त हो जाएगी और वापस नहीं होगी।

कश्मीरी विस्थापितों के लिए प्रवेश हेतु दिशा निर्देश –

जम्मू–कश्मीर के छात्रों हेतु स्नातकोत्तर एवं स्नातक कक्षाओं में प्रवेश हेतु इच्छुक विदेशी / प्रवासी भारतीय छात्रों हेतु दिशा निर्देश–

विषय चयन सम्बन्धी प्रतिबन्ध एवं अन्य शर्तें

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्रांक संख्या F-1-1/2012 (SA-III), दिनांक 13.03.2015 एवं पत्रांक संख्या F-1-13/2010 (CPP-II), दिनाकं 23.03.2015 के अनुपालन में कश्मीरी विस्थापितों हेतु प्रवेश के लिए सत्र 2017–18 में निम्न् छूट का प्रावधान है।

1. कश्मीर से पुर्नवासित आवेदकों के लिए न्यूनतम योग्यता में 10 प्रतिशत छूट।
2. पाठ्यक्रमानुसार छात्रों की निर्धारित संख्या में 5 प्रतिशत की वृद्धि।
3. तकनीकी तथा व्यावसायिक संस्थानों में कम से कम एक सीट के आरक्षण का प्रावधान।
4. **स्थायी निवास प्रमाण–पत्र की अनिवार्यता नहीं।**

सभी मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थाओं में जम्मू–कश्मीर के छात्रों हेतु अतिरिक्त कोटा के अन्तर्गत दो सीटों के सृजन का प्रावधान होगा।

1. हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु इच्छुक विदेशी / प्रवासी भारतीय / भारतीय मूल के छात्रों को सम्बन्धित कक्षा में प्रवेश हेतु निर्धारित योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण का प्रमाण–पत्र जमा करना अनिवार्य होगा। प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हता भारतीय छात्रों के समान ही लागू होगी।
2. प्रत्येक पाठ्यक्रम में कुल निर्धारित सीटों के 5% अतिरिक्त सीट विदेशी / प्रवासी भारतीय छात्रों के लिए आरक्षित हैं।
3. सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु इच्छुक विदेशी / प्रवासी भारतीय अभ्यर्थी को आरक्षित स्थानों में प्रवेश परीक्षा (जहां लागू हो) में सम्मिलित होना होगा, यद्यपि प्रवेश परीक्षा के समय विदेश में रहने वाले अभ्यर्थी इस बाध्यता से मुक्त रहेंगे।
4. विदेशी / प्रवासी भारतीय छात्रों को भारत सरकार एवं हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर निर्धारित आवश्यकताओं को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
5. बी0पी0एड0 (शारीरिक शिक्षा) में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेना अनिवार्य होगा। शारीरिक दक्षता परीक्षा के अंक मेरिट बनाने हेतु प्रयोग में लाए जायेंगे।
6. जो अभ्यर्थी विश्वविद्यालय विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रवेश हेतु इच्छुक हैं अथवा विश्वविद्यालय में एक सेमेस्टर का अध्ययन करना चाहते हैं वह संस्थागत शुल्क से मुक्त रहेंगे। यद्यपि शुल्क मुक्ति केवल सम्बन्धित सेमेस्टर पर लागू होगी।
7. शुल्क : (अ) ट्यूशन शुल्क– विदेशी /भारतीय मूल / प्रवासी भारतीय छात्रों के लिए ट्यूशन शुल्क हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय द्वारा सम्बन्धित पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विदेशी / भारतीय मूल / प्रवासी भारतीय छात्रों हेतु निर्धारित ट्यूशन शुल्क के अनुरूप होगी।
8. समस्त विदेशी / भारतीय मूल / प्रवासी भारतीय छात्रों को ट्यूशन शुल्क के अतिरिक्त एक बार नामांकन शुल्क (हे0न0ब0 गढ़वाल विश्वविद्यालय) जमा करना होगा। (शुल्क सम्बन्धित विस्तृत विवरण पृष्ठ संख्या 51 में अंकित है)

विषय चयन सम्बन्धी प्रतिबन्ध एवं अन्य शर्तें

स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश हेतु विषय चयन निम्न प्रतिबन्धों एवं शर्तों के अधीन होगें:

1. विज्ञान स्कूल में स्नातक स्तर (बी0एस–सी0) में छात्र उसी संवर्ग (विषय समूह) में प्रवेश ले सकेंगे जिसका अध्ययन उन्होंने अर्हकारी परीक्षा में किया हो। इस प्रतिबन्ध का आशय यह है कि जिन छात्रों ने 10+2 स्तर पर गणित संवर्ग (भौतिक, रसायन एवं गणित) विषयों का अध्ययन किया हो वह गणित संवर्ग तथा जिन छात्रों ने जीव विज्ञान संवर्ग (रसायन, वनस्पति एवं जन्तु विज्ञान) का अध्ययन किया हो वह जीव विज्ञान संवर्ग में ही प्रवेश ले सकेंगे।
2. स्नातक (बी0ए0) स्तर पर केवल वही छात्र चित्रकला विषय का चयन कर सकेंगे जिन्होंने अर्हकारी परीक्षा में चित्रकला का अध्ययन किया हो। परन्तु ऐसे छात्र–छात्राएं जिन्होने इण्टरमीडिएट में चित्रकला विषय ना पढ़ा हो के लिए विभाग द्वारा कला प्रदर्शन परीक्षा उत्तीर्ण होने पर चित्रकला विषय प्रदान किया जा सकता है।

3. स्नातक (बी0ए0) स्तर पर केवल वही छात्र संगीत विषय का चयन कर सकेंगे जिन्होंने अर्हकारी परीक्षा में संगीत का अध्ययन किया हो अथवा भात्खण्डे या प्रयाग संगीत समिति से 4 वर्षीय सीनियर डिप्लोमा (मध्यमा) परीक्षा उत्तीर्ण की हो, परन्तु ऐसे सुयोग्य छात्रों को जो अन्य शर्ते पूर्ण करते हों विभागाध्यक्ष संगीत के समक्ष कला प्रदर्शन परीक्षा में गुणवत्ता प्रदर्शित करने पर संगीत विषय प्रदान किया जा सकेगा।
4. स्नातक (बी0ए0) स्तर पर केवल वही छात्र भूगोल विषय का चयन कर सकेंगे जिन्होंने अर्हकारी परीक्षा में भूगोल, गणित अथवा जीव विज्ञान का अध्ययन किया हो।
5. स्नातक (बी0ए0) स्तर पर केवल वही छात्र गणित विषय का चयन कर सकेंगे जिन्होंने अर्हकारी परीक्षा में गणित का अध्ययन किया हो।
6. सामान्यतः स्नातकोत्तर स्तर पर विज्ञान वर्ग में तथा कला वर्ग के प्रायोगिक विषयों में केवल उन्हीं छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा जिन्होंने स्नातक स्तर पर सम्बन्धित विषय का अध्ययन किया हो, परन्तु ऐसे विशिष्ट पाठ्यक्रमों के सन्दर्भ में जिनके मूल विषय का शिक्षण स्नातक स्तर पर नहीं होता है वह छात्र प्रवेश आवेदन कर सकेंगे जिन्होंने सम्बन्धित पाठ्यक्रम की प्रवेश अधिसूचना में उल्लिखित विषयों का अध्ययन किया हो।

विज्ञान संकाय के स्नातक स्तर में अनुमति अनुवर्ग विषय सूची

गणित संवर्ग

– भौतिकी – गणित – रसायन
– भौतिकी – गणित – सांख्यिकी
– भौतिकी – गणित – भूविज्ञान
– भौतिकी – गणित – रक्षा एवं स्त्रॉतेजिक अध्ययन
– भौतिकी – गणित – कम्प्यूटर साइंस

प्राणी विज्ञान संवर्ग

– वनस्पति – जन्तु विज्ञान – रसायन
– वनस्पति – जन्तु विज्ञान – रक्षा एवं स्त्रॉतेजिक अध्ययन
– वनस्पति – जन्तु विज्ञान – मानव विज्ञान
– वनस्पति – जन्तु विज्ञान – सूक्ष्म जीव विज्ञान
– वनस्पति – जन्तु विज्ञान – जीव–रसायन
–वनस्पति – जन्तु विज्ञान – भूविज्ञान

उपस्थिति नियम

विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए सम्बन्धित कक्षाओं में पृथक रूप से प्रत्येक विषय अथवा प्रश्न–पत्र हेतु व्याख्यानों ट्यूटोरियलों एवं प्रायोगिक कक्षाओं में न्यूनतम् 75: उपस्थिति अनिवार्य होगी तथा न्यूनतम् उपस्थिति सत्र पूर्ण न करने वाले छात्र वार्षिक परीक्षा/सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने के अधिकारी नहीं होंगे।

निम्नलिखित परिस्थितियों में सम्बन्धित संकायाध्यक्ष अथवा परिसर निदेशक किसी छात्र को न्यूनतम् उपस्थिति मानक में 6% तथा विश्वविद्यालय के कुलपति अतिरिक्त 9% तक की छूट दे सकेंगे :

1. यदि कोई छात्र गम्भीर बीमारी से ग्रस्त रहा हो तथा कक्षाओं हेतु पुनः उपस्थित होने के 15 दिन के भीतर पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करे।
2. कोई अन्य ऐसी गम्भीर परिस्थिति जिसे सक्षम अधिकारी उचित कारण मानें, यदि ऐसी परिस्थिति का प्रमाण प्रस्तुत किया जाय।

उपरोक्त के अतिरिक्त समस्त छात्र निम्नलिखित हेतु उल्लिखित सीमा तक न्यूनतम् उपस्थिति मानक में छूट के अधिकारी होंगे।

1. यदि किसी छात्र को सम्बन्धित विभागाध्यक्ष द्वारा उस परिसर जिसमें छात्र को प्रवेश दिया गया है, संस्था में कोई अध्ययन करने अथवा व्याख्यानों में सम्मिलित होने अथवा प्रायोगिक कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया हो, यदि कुलपति महोदय की सहमति से जारी विभागाध्यक्ष के लिखित आदेश तथा सम्बन्धित संस्थान के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी कार्य पूर्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाय तो एक सत्र में अधिकतम् 6 सप्ताह तक।
2. यदि कोई छात्र एन0सी0सी0 कैम्प, एन0एस0एस0 कैम्प, विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित शिक्षण परिभ्रमणों आदि में सम्मिलित हुआ हो, अथवा उसने खेल–कूद अथवा सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया हो अथवा भारतीय सेना में भर्ती परीक्षा दी हो तो सम्बन्धित कार्यक्रम की अवधि तथा उपयुक्त यात्रा दिवसों की सीमा तक, यदि सक्षम अधिकारी द्वारा जारी ऐसे प्रतिभाग को दर्शाने वाला प्रमाण–पत्र कक्षाओं हेतु पुनः उपस्थित होने के एक सप्ताह के भीतर पस्तुत कर दिया जाय।

सेमेस्टर पद्धति से संचालित सभी पाठ्यक्रमों हेतु (अकादमिक अध्यादेश खण्ड 28, धारा 14)

(अ) किसी भी पाठ्यक्रम से सम्बन्धित शिक्षक उस पाठ्यक्रम में पंजीकृत विद्यार्थियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड रखने के लिए जिम्मेदार होंगे।

(ब) सभी शिक्षक उस सेमेस्टर के अन्तिम अनुदेश से सात दिन पहले विभागाध्यक्ष को ऐसे सभी विद्यार्थियों के ब्यौरे उपलब्ध करायेंगे जिनकी उपस्थिति एक या अधिक पाठ्यक्रमों में 75 प्रतिशत से कम है।

(स) किसी पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत से कम उपस्थित वाले विद्यार्थियों को उस पाठ्यक्रम में अन्तिम सेमेस्टर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी, हालांकि किसी वैध कारण व निर्धारित शुल्क जमा करने पर संकायाध्यक्ष निर्धारित उपस्थिति में छूट प्रदान करने की अनुमति प्रदान कर सकते हैं। परन्तु किसी भी परिस्थिति में 65 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को यह छूट प्रदान नहीं की जायेगी।

